# कार्यालय वन वृत्त शहडोल-484001 (मध्यप्रदेश)

**PHONE - 245361 FAX - 240189 E_MAIL- ccf.sdl@mp.gov.in**

क्रमांक/मानचित्रकार/2021/3695 शहडोल, दिनांक 31/05/2021.

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी,
वनमण्डल उमरिया

**विषय :–** **सी.एम. वाटर सप्लाई स्कीम पाली, ऑनलाईन आवेदित रकवा 0.126 हे. (प्रकरण क्रमांक FP/MP/WATER/38689/2019)**

**संदर्भः–** **आपका ज्ञापन क्रमांक/माचि./869 दिनांक 16.04.2021.**

**–☆☆☆–**

विषयान्तर्गत आपके संदर्भित पत्र से मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् पाली म.प्र. द्वारा सी.एम. वाटर सप्लाई स्कीम पाली के तहत वनक्षेत्र में पाईप लाईन बिछाने का प्रस्ताव ऑनलाईन एवं हार्ड कॉपी में प्रस्तुत किया गया है, जिसका परीक्षण करने पर निम्नानुसार कमियॉ/त्रुटियॉ पायी गयी है :–

1. प्रस्ताव की हार्डकॉपी संलग्न ऑनलाईन प्रिन्ट भाग–1 में आवेदक संस्थान के हस्ताक्षर एवं सील अंकित नहीं।
2. आवेदक संस्थान द्वारा प्रस्तावित स्थल की सर्वे ऑफ इंडिया की मूल टोपोशीट स्केल 1.50,000 स्केल की फुल साईज में प्रस्ताव में संलग्न नहीं की गयी है।
3. आप द्वारा प्रस्तावित क्षेत्र का प्रस्ताव के भाग–2 के ऑनलाईन प्रिन्ट में 0.109 हेक्टेयर वनक्षेत्र व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित किया है जबकि स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन में प्रभावित 0.126 हेक्टेयर वनभूमि उपयोग हेतु अनुशंसा की गयी है, स्पष्ट करें।
4. प्रस्ताव की हार्डकापी में पेज नम्बरिंग नहीं की गयी है तथा 03 प्रतियों में सुव्यवस्थित रूप से फाईल तैयार कर प्रस्तुत नहीं की गयी है।

उपरोक्तानुसार कमियों/त्रुटियों की पूर्ति हेतु प्रस्ताव ऑनलाईन एवं हार्डकापी में वापस किया जाता है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

**(पी.के. वर्मा)**
**मुख्य वन संरक्षक**
**वन वृत्त शहडोल (म0प्र0)**

पृ.क्रमांक/मानचित्रकार/2021/3696 शहडोल, दिनांक 31/05/2021

प्रतिलिपि– 1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल।

2. मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद पाली, जिला उमरिया (म0प्र0) की ओर सूचनार्थ।

**मुख्य वन संरक्षक**
**वन वृत्त शहडोल (म0प्र0)**

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल उमरिया (म.प्र.) 484661
Phone - 07653-222217, - 9424794505, E-mail - dfoumaria@mp.gov.in

क्रमांक / मा0चि0 / 2021 / 869 उमरिया, दिनांक / 16/04/2021

प्रति

मुख्य वनसंरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म0प्र0)

विषयः— सी0एम0 वाटर सप्लाई स्कीम पाली, आनलाईन आवेदित रकबा 0.126 हे0 (प्रकरण क्रमांक FP/MP/ WATER/38689/2019 )

संदर्भः— मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पाली (म.प्र.) का पत्र क्र0 / 254 / न.पा. / 2019 दिनांक 09.04.2019

---

विषयान्तर्गत वन परिक्षेत्र पाली अन्तर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पाली (म.प्र.) द्वारा प्रस्तावित सी0एम0 वाटर सप्लाई स्कीम पाली आवेदित रकबा 0.126 हे0 में पाईप लाइन बिछाने हेतु प्रस्तावित वनक्षेत्र का उप वनमण्डलाधिकारी पाली एवं आवेदन संस्था द्वारा संयुक्त स्थल सत्यापन प्रतिवेदन अनुसार प्रभावित कक्ष क्रमांक आर--567 में कुल 2180 मीटर लम्बाई व 0.50 मी0 चौड़ाई में कुल 0.109 हे0 वनभूमि की मांग न्यूनतम पाई गई है जिसमें वृक्ष प्रभावित नही हो रहे है। प्रस्ताव पंजीयन शुल्क की राशि 1000 रूपये एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि 5000 रूपये कुल 6000 रूपये जमा करने हेतु आवेदक संस्था को लेख किया गया हैं जो आज दिनांक अप्राप्त हैं।

अतः ऑनलाईन प्रस्ताव भाग–2 की पूर्ति उपरान्त प्रस्ताव 03 प्रतियों में संलग्न सम्प्रेषित है।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार।

(मोहित सूद)
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल उमरिया (म.प्र.)

उमरिया, दिनांक /

पृ0क्रमांक / मा0चि0 / 2021 /

**प्रतिलिपिः**

1. अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–प्रबंध) म0प्र0 भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पाली (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ।
3. उप वनमण्डलाधिकारी पाली की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल उमरिया (म.प्र.)

| शाखा | मानचित्र |
|---|---|
| दिनांक | 22/4/21 |
| अधीक्षक | मु.व.सं. |

2872
23/04/21

वन अपराध या अवैध शिकार से संबंधित सूचना टोल फ्री नम्बर "155312" अथवा "18002334396" पर दीजिये



E:\DM\...for forest act 1980.doc